**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**

**दिनांक : 19.10.2025** **समय : 02.10पीएम**

**मुख्यमंत्री–तराना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन जिले की तराना तहसील में अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन फसल के लिए किसानों को 265 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खातों में डाली गई। इससे जिले के 1126 गांवों के किसान लाभान्वित होंगे। किसानों को फसल क्षतिपूर्ति के साथ–साथ, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को सब्सिडी राशि भी सिंगल क्लिक से उनके खातों में अंतरित की गई। कार्यक्रम के दौरान कई परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी दी।

**राजनाथ–पुलिस स्मृति दिवस**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस पर दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यह दिवस 1959 में 21 अक्टूबर को, लद्दाख में हथियारबंद चीनी सैनिकों के घात लगाकर किए गए हमले में मारे गए दस बहादुर पुलिसकर्मियों की स्मृति में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल–सीएपीएफ और दिल्ली पुलिस के जवान संयुक्त परेड करेंगे। गृह राज्यमंत्री, सीएपीएफ और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख तथा अन्य गणमान्य हस्तियां स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगी। रक्षामंत्री इस मौके पर लोगों को संबोधित भी करेंगे। सीएपीएफ और केंद्रीय पुलिस संगठन इस महीने की 22 से 30 तारीख़ तक कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु एवं सेवा कर–GST सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, जिससे पूरे देश के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। गुना जिले के सुनील साहू ने जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर अपने विचार साझा किये..

**विशेष रेलगाड़ियां**

त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल ने देशभर में सैकड़ों विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं। अधिकांश यात्रियों का गंतव्य उत्तर प्रदेश और बिहार है, जबकि चेन्नई से 18 लाख लोग त्यौहार मनाने के लिए अपने–अपने गृह प्रदेशों के लिए रवाना हुए हैं। तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम 20 हजार से अधिक बसें चला रहा है, इसके बावजूद प्रमुख बस टर्मिनलों और रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ है। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया ..

**रूप चौदस**

प्रदेशभर में देव दीपावली की तैयारियाँ जोरों पर हैं। आज रूप चौदस का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। राजधानी भोपाल सहित सभी जिलों में छोटी दीपावली मनाई जा रही है। श्रद्धालु अपने घरों और घाटों को सजाकर दीपदान करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**यूआईडीएआई**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यानी यूआईडीएआई ने देश के लोगों को आधार का शुभंकर डिजाइन करने के लिए आमंत्रित किया है। इसके लिए मायगव वेबसाइट पर एक प्रतियोगिता शुरू की गई है। इस प्रतियोगिता में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है और अपनी डिजाइन 31 अक्टूबर तक भेज सकता है। यूआईडीएआई का कहना है कि यह शुभंकर आधार की सेवा, सुरक्षा और सुगमता की पहचान बनेगा और लोगों को विश्वास और सशक्तिकरण का संदेश देगा। विजेताओं को एक लाख रुपये तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रविष्टियां भेजने के लिए वेबसाइट है– innovateindia.mygov.in.

**महिला क्रिकेट**

इंदौर में महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का 20वां मैच आज भारत और इंग्लैंड के बीच दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। यह मैच भारत के लिए 'करो या मरो' का है। भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए उसे यह मैच हर हाल में जीतना होगा।

———————————